Headline: Industry leaders and Alumni of IIHMR University shared their experiences in Orientation Program

Print Coverage:

Date	Publication	Page No.	Edition
11.07.2023	Dainik Bhasker	06	Jaipur

ओरिएंटेशन प्रोग्राम में उद्योगपति और पूर्व छात्र अनुभव साझा करेंगे

सिटी रिपोर्टर | आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी में एमबीए (हॉस्पिटल एंड हैल्थ मैनेजमेंट), एमबीए (फार्मास्युटिकल प्रबंधन) और एमबीए (डवलपमेंट मैनेजमेंट) कार्यक्रम, 2023-25 के नए स्टूडेंट्स के लिए ओपनिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष डॉ.पी.आर. सोडानी ने मेहमानों का वेलकम किया। उन्होंने 1984 में आईआईएचएमआर विश्वविद्यालय के हॉस्पिटल एंड हैल्थ मैनेजमेंट संस्थान के रूप में स्थापना से आज तक की यात्रा साझा की। सोडानी ने बताया कि विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नेताओं और प्रबंधकों के रूप में स्वास्थ्य और विकास क्षेत्रों में महत्वपूर्ण

योगदान देते हैं। उन्होंने साझा किया कि विश्वविद्यालय छात्रों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित कर रहा है, जिसमें उद्योगपति और पूर्व छात्र अनुभव साझा करेंगे। मुख्य अतिथि आईएएस डॉ. धर्मेंद्र सिंह गंगवार ने छात्रों को विश्वविद्यालय में एमबीए कार्यक्रमों में चयनित होने पर बधाई दी। यहां देबाशीष रॉय और यूनिवर्सिटी की पूर्व छात्रा डॉ. शीनू झावर, डीन डॉ. संजय गुप्ता, डीन डॉ. सौरभ कुमार और डीन डॉ. हिमाद्री सिन्हा ने भी अनुभव साझा किए, साथ ही छात्र पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर और समन्वयक आईक्यूएसी डॉ. तृप्ति बिसावा ने रूप रेखा से अवगत कराया।